इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में डिप्टी सीएम ने नेशनल सोलर एंड इलेक्ट्रिक व्हीकल एक्सपो-2024 का शुभारंभ किया

# पर्यावरण के लिए सौर ऊर्जा और ईवी को ट्रेंड में लाना जरूरी : ब्रजेश पाठक

**03** दिवसीय नेशनल सोलर एंड इलेक्ट्रिक व्हीकल एक्सपो का आयोजन

**75** हजार से 1.20 लाख रुपये तक कीमत की इलेक्ट्रिक स्कूटी

**आयोजन**

लखनऊ, वरिष्ठ संवाददाता। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि हमें पर्यावरण को संरक्षित करना है तो सौर ऊर्जा पर निर्भरता बढ़ानी होगी। आने वाला समय सौर ऊर्जा और ई-व्हीकल का है। सौर ऊर्जा हमारी जरूरत है और ई-व्हीकल को ट्रेंड में लाना भी जरूरी है। वह गुरुवार को उत्तर प्रदेश सोलर पावर डेवलपमेंट एसोसिएशन (यूपीएसपीडीए) और यूपीनेडा के संयुक्त तत्वावधान में गोमतीनगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित तीन दिवसीय नेशनल सोलर एडं इलेक्ट्रिक व्हीकल एक्सपो-2024 के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पूरे समर्पित भाव से सौर ऊर्जा उद्यमियों के साथ खड़ी है। अगर किसी कानून में संशोधन करना है या फिर नया कानून बनाना है तो हम पीछे नहीं हटेंगे। इस अवसर पर यूपीएसपीडीए के अध्यक्ष अन्वेष कुमार सिंह ने बताया कि एक्सपो का मुख्य उद्देश्य 'सूर्य घर- मुफ्त बिजली योजना' को जन जन तक पहुंचाना है।




नेशनल सोलर एडं इलेक्ट्रिक व्हीकल एक्सपो के उद्घाटन के मौके पर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक का हुआ सम्मान।

## दो किलोवाट का खर्च 30 हजार रुपये

यूपीएसपीडीए के चेयरमैन तारिक हसन नकवी ने कहा कि दो किलोवाट सोलर पैनल लगाने पर 1.20 लाख रुपये की लागत आती है, लेकिन केंद्र सरकार 60 हजार और राज्य सरकार 30 हजार रुपये सब्सिडी दे रही हैं। यानी 90 हजार की सब्सिडी मिलेगी। उपभोक्ता को सिर्फ 30 हजार खर्च करने होंगे।

## फ्यूजन इन्वर्टर, सोलर पैनल आकर्षण का केंद्र

प्रदर्शनी में कई कंपनियों ने अपने लेटेस्ट जी 12 टॉपकॉन तकनीक पर आधारित सोलर पैनल को लांच किया है। नवितास सोलर के डीजीएम सेल गौरव गुप्ता ने बताया कि टॉपकॉन टेक्नोलॉजी को पहले टनल ऑक्साइड पेसिवेटेड कांटेक्ट के नाम से जाना जाता था इसके अलावा सोलर कूलर, फ्यूजन इन्वर्टर सहित अन्य सोलर उपकरण की लोगों ने जानकारी ली।

## लीथियम बैटरी में बिजली स्टोर करने की सुविधा

एक्सपो सेंटर में लूम सोलर ने पांच किलोवाट तक की बिजली उत्पादित करने वाले डोमेस्टिक सोलर पैनल को प्रदर्शित किया। इस पैनल के दोनों साइड से बिजली बनाने की व्यवस्था है। इससे दो घरेलू एयर कंडीशनर तो आराम से चला सकेंगे। उन्होंने बताया कि पांच किलोवाट पैनल डोमेस्टिक यूज में लगाया जाएगा तो उसमें करीब पांच लाख रुपये का खर्चा आएगा।

## छोटी इलेक्ट्रिक कार और स्कूटी की ली जानकारी

सोलर एडं ई-व्हीकल एक्सपो में ई-स्कूटी व इलेक्ट्रिक कार को लेकर काफी कौतूहल है। 75 हजार से 1.20 लाख रुपये तक की स्कूटी और 10 से 15 लाख रुपये तक की कार उपलब्ध है। एक्सपो में जॉय ई-बाइक मिहोस में एलईडी हेडलाइट, टेललाइट्स, इंडीकेटर दिए गए हैं। बैटरी फुलचार्ज होने पर 130 किलोमीटर तक स्कूटी चला सकते हैं। इसमें डिजिटल स्पीडो मीटर, स्मार्ट रिमोट लॉक, 60 हजार



किलोमीटर तक बैटरी की वारंटी रहेगी। साथ ही एमजी मोटर्स की इलेक्ट्रिक कार कॉमेट लोगों के आकर्षण का केंद्र रही। इसकी कीमत करीब आठ लाख रुपये है।